

## पाप करना छोड़ दो पुण्य करने की जरूरत नहीं पड़ेगी : महामंडलेश्वर भास्करानंदजी

**देवास।** अधर्म के द्वारा अर्जित संपत्ति शांति का नाश करती है पवित्रता से कमाए धन धर्म में लगाने से कलयुग का क्षीण होता है। भगवान को भोग लगने वाला भोजन प्रसाद हो जाता है उसमें पवित्र गुण विकसित होने के कारण वो तन मन को शुद्ध करते आप में श्रेष्ठ आचारों का समावेश करता है । हम अच्छे गुरु की तलाश में रहते है किंतु जब अच्छे शिष्य बन जाओगे तो तुम्हे अच्छा गुरु नारायण के रूप मेल जाएंगे।

परीक्षित के मोक्ष मार्ग प्रशस्त के लिए शुकदेव मुनि जैसे संत का मिलना ही नारायण की कृपा थी परीक्षित अर्थात जिसके चारों ओर परीक्षा परीक्षा है वो हर इंसान परीक्षित है। बिना गुरु के न तो हरि कृपा प्राप्त होती है नहीं मोक्ष का रास्ता दिखाई देता है। भक्ति की प्राप्ति के तीन चरण है श्रवण, कीर्तन और ध्यान। जगत और जगदीश दोनों की महिमा कानों से मिलती है। शास्त्र को सुनोगे तो पता चलेगा कि ये संसार क्या है। भजन से ईश्वरीय संबंध बनता है। इसलिए संसार की बजाय ईश्वर के रिश्ता जोड़ने अच्छा है । हरि से जो रिश्ता जोड़ता है हरि उसको हारने नहीं देता है। पाप और पुण्य दोनों का हम चिंतन करते है जैसे गंगा को गंदा करना पाप है तो उसे गंदा नहीं करना पुण्य है। पाप करना छोड़ दो पुण्य करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

यह आध्यात्मिक विचार चैत्र नवरात्रि पर केला देवी मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा की तीसरे दिन महामंडलेश्वर भास्करानंद जी ने जीवन दर्शन के सूत्रों को व्यक्त करते हुए कहे। कथा में श्रृष्टि निर्माण , सती चरित्र, कपिल अवतार के आध्यात्मिक प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। व्यास पीठ की पूजा मन्नूलाल गर्ग, दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग एवं परिवार में की आरती में विशेष रूप से अश्विन गोयल इंदौर हरीश, मंगल इंदौर,कथा संयोजक रायसिंह सेंधव,समिति अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल,राजेश यादव रजिस्टर जयसिंह गावड़े, राकेश काला पीपल, प्रेम कुमार अग्रवाल राजेश अग्रवाल,ओम प्रकाश अग्रवाल जिंसी वाले योगेश बंसल ,हरीश मंगल, अमित अग्रवाल,चंद्रपाल सिंह सोलंकी नारायण जी मंगल इंदौर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## जेल अधीक्षक ने बंदियों को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद

**देवास।** ईद के पावन अवसर पर देवास जिला जेल में इंसानियत और संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली। जहां एक ओर त्योहार के चलते चार दिन की छुट्टियों का दौर था, वहीं दूसरी ओर जेल प्रशासन ने मानवीय पहल करते हुए बंदियों की मुलाकात जारी रखी।

जेल अधीक्षक ने स्वयं मौजूद रहकर बंदियों और उनके परिजनों से मुलाकात कराई और बंदियों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान जेल परिसर में भावुक और खुशी भरे पल देखने को मिले। मुलाकात शुरू होते ही बंदियों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। लंबे



समय बाद अपनों से मिलकर कई बंदी भावुक हो उठे। परिजनों ने भी इस पहल के लिए जेल अधीक्षक का आभार जताते हुए उन्हें फरिश्ता तक कह दिया। बंदियों के परिजनों का कहना है कि ईद जैसे बड़े त्योहार पर अपने प्रियजनों से मिलना उनके लिए सबसे बड़ी खुशी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस पहल से उन्हें यह एहसास हुआ कि व्यवस्था के बीच भी इंसानियत जिंदा है। जेल प्रशासन का कहना है कि त्योहारों के दौरान बंदियों की भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है, ताकि वे भी अपने परिवार से जुड़े रह सकें और सकारात्मक माहौल बना रहे। ईद के मौके पर देवास जिला जेल में इंसानियत की एक खूबसूरत तस्वीर देखने को मिलीज्‍ जहां जेल अधीक्षक ने बंदियों को गले लगाकर ईद की बधाई दीज्‍ और छुट्टियों के बावजूद मुलाकात जारी रखी इस पहल से जहां बंदियों के चेहरों पर मुस्कान आई, वहीं परिजनों ने भी प्रशासन को फरिश्ता बताया।

## नवरात्रि के चौथे दिन माता टेकरी पर उमड़ा सैलाब

**देवास ।** नवरात्र के चौथे दिन रविवार को माता टेकरी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय प्रशासन के अनुसार शाम तक करीब 50 हजार से अधिक भक्तों के दर्शन करने पहुंचने का अनुमान है।

दूरदराज के इलाकों से लोग परिवार सहित माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। नवरात्र शुरू होने के बाद से ही माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार शाम को भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे। हर दिन बढ़ती भीड़ से साफ है कि लोगों की आस्था और उत्साह दोनों चरम पर हैं। भक्त विधि-विधान से





पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर छोटी माता मां चामुंडा और बड़ी माता मां तुलजा भवानी के मंदिरों को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने टेकरी पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। हालांकि, पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। रोपवे से टेकरी जाने वाले लोगों को अपने वाहन भोपाल रोड और मक्सी रोड पर खड़े करने पड़ रहे हैं।

आने वाले दिनों में सप्तमी और अष्टमी पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिससे भीड़ और बढ़ सकती है।

## टाटा की महिला फुटवियर प्लान्ट के बंदीकरण को कोर्ट ने अवैध बन्दीकरण किया घोषित

▸ **न्यायालय ने दिया 50 प्रतिशत पिछले वेतन सहित सेवा में रखने का आदेश**

**देवास।** इंटक अध्यक्ष महेश राजपूत ने बताया कि टाटा इन्टरनेशनल कंपनी व्दारा महिला फुटवियर प्लान्ट जिसमें 700 महिला श्रमिक कार्यरत थीं उन्हें कंपनी व्दारा अचानक दिनांक 18.01. 2018 को उत्पादन बन्द करके बन्दीकरण कर कार्यरत 700 महिला श्रमिकों की छंटनी कर दी गई।

इसका विवाद म.प्र. के श्रम विमाग व्दारा माननीय औद्योगिक ायाधिकरण को न्याय निणयार्थ संदर्भित किया जिसमें दोनों पक्षों को अवसर देकर टाटा इन्टरनेशनल कंपनी व्दारा किये गये बन्दीकरण को अवैध घोषित कर महिला श्रमिकों को 50 प्रतिशत पिछले वेतन सहित पुन: कार्य पर रखने का आदेश दिया गया। न्यायाधीकरण के आदेश से देवास के श्रमिकों में हर्ष व्याप्त है और न्यायाधिकरण के व्दारा प्राप्त न्याय की मूरी-मूरी प्रशंसा की जा रही है। इस प्रकरण में बी.एल नागर एडव्होकेट ने श्रमिकों की ओर से पैरवी की। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ मंसूर शेख, रामचंद्र गुर्जर, ओमप्रकाश नागेश्वर, जयंत, शबाना मंसूरी, रेखा तंवर, रुक्मणी राठौर, बीना वैष्णव सहित टाटा की सभी श्रमिक महिलाओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### एक नजर में

## बकाया राजस्व वसूली सख्ती से हो : आयुक्त

**देवास।** नगर निगम राजस्व वसूली की टीम द्वारा राजस्व बकाया करों की वसूली शक्ति से की जाएगी। बकाया राजस्व को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने निगम राजस्व की टीम को निर्देशित करते हुए कहा है कि लोक अदालत में जिन बकायादारों ने अपने संपत्ति कर जल कर जमा नहीं किए हैं उनसे संपर्क कर बकाया कर जमा करवाएं। वार्ड क्रमांक 28 में शरद त्रेहन पर 2 लाख 18 हजार से अधिक बकाया राशि, वार्ड क्रमांक 17 आदम हाजी कासम पर 72 हजार से अधिक बकाया संपत्ति कर, वार्ड क्रमांक 24 दिलशाद खान 2 लाख 46 हजार से अधिक, संपत्ति कर बकाया होने पर दुकान पर तालाबंदी, वार्ड 31 अब्दुल रहीम खान पिता अब्दुल करीम खा हस्ते जाहिद हुसैन अहमद हुसैन पर 52 हजार से अधिक राशि संपत्ति कर बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई के दौरान एक्टिवा गाड़ी जप्त की। शासन के निर्देश अनुसार 1 अप्रैल से बकाया संपत्ति कर की राशि जमा नहीं करने पर दोगुनी राशि हो जावेगी। नगर निगम द्वारा अवकाश के दिनों में भी संपत्ति कर और जलकर के काउंटर खुले रहेंगे। लोक अदालत में जिन बकायादारों ने अपना संपत्ति कर जमा नहीं किया है अब उनसे सख्ती से वसूली की जावेगी। नगर निगम आयुक्त ने बकाया करदाताओं से अपील की है कि वह अपना बकाया संपत्ति कर जलकर 31 मार्च के पहले जमा कर कुर्की एवं दुकान तालाबंदी जैसी अप्रिय कार्रवाई से बचें।

## सांसारिक आनंद मृगतृष्णा के समान मिथ्या...

**देवास।** आत्मज्ञान से सांसारिक विषयों में स्वामित्व और नियंत्रण की शक्ति आती है। भौतिक सुखों की,रथ के उन घोड़ो से तुलना की जा सकती है,जिनमें यदि आत्मज्ञान की लगाम न लगी हो तो वह सवारसमेत रथ को किसी विनाश के गड्ढे में ही ले जा पटकेंगे। मनुष्य का वांछनीय आनंद वस्तुत: आध्यात्मिक आनंद ही है, जबकि लोग उसे भूलकर सांसारिक सुख को खोजने और पाने में लग जाते हैं। सांसारिक आनंद मृगतृष्णा के समान मिथ्या और अतृप्तिकर होता है,पर आध्यात्मिक आनंद अथवा आत्मिक आनंद सत्य और वास्तविक होता है। इसे पाने पर आनंद की इच्छा पूर्ण रूप से तृप्त होकर तिरोधान हो जाती है। अत: मनुष्य को सच्चे सुख और संपूर्ण तृप्ति के लिए आध्यात्मिक आनंद ही प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। बुद्धिमान व्यक्ति को चाहिए कि वह समय रहते सावधान हो जाए और जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आज और अभी से ही चल पड़े। कौन जाने कल क्या होगा ? और फिर कल को किसने देखा है ? बाद में पश्चात के सिवाय कुछ भी हाथ लगने वाला नहीं है। ये प्रेरणादाई सत्संग विचार बालाजी नगर स्थित मानव धर्म मंदिर में आयोजित साप्ताहिक सत्संग समारोह में सतपाल महाराज की शिष्या प्रभावती दीदी ने रखते हुए कहा बुद्धिमान व्यक्ति को चाहिए कि जब तक शरीर स्वस्थ और निरोग है,जब तक बुढ़ापा दूर है,जब तक इंद्रियां सबल तथा सक्षम है और जब तक जीवन शक्ति का क्षय नहीं हुआ है, तभी वह आत्म कल्याण का यथासाध्य प्रयास कर ले, क्योंकि मकान में आग लग जाने पर कुआं खोदने का कार्य प्रारंभ करने से क्या लाभ ? मानव जीवन केवल कुछ क्षणों के लिए ही है। समझ में नहीं आता इस अल्प अवधि में हम क्या करें। साध्वी जी ने उपस्थित अध्यात्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए अपनी ओजस्वी वाणी में कहा संसार की मृगतृष्णा में मत भटको और हो सके तो अब अपने कल्याण के लिए तत्पर हो जाओ। या तो संतो की सेवा करो या सद्गुरु के ज्ञान गुण का वर्णन सत्संग करो। तुम्हारे पैरों में काल की रस्सी बंधी है, माया में सुख चौन मानकर तुम कहां सो रहे हो, श्वास रूपी नगाड़ा रात-दिन बज रहा है,सावधान हो जाओ। रात को सोने में और दिन को खाने में समाप्त कर दिया। अनमोल हीरा सा मनुष्य जन्म मिला था, परंतु विषय-कौड़ी के बदले में जा रहा है। या तो खाना या तो सोना,बस और किसी बात पर ध्यान नहीं। सद्गुरु के ज्ञान उपदेश जो आदि से अंत तक के मित्र हैं,उनको भूल गया। अच्छे दिन पीछे चले गए, बीत गए, परंतु यह अभागा मनुष्य इसने सद्गुरु से प्रेम नहीं किया इस मौके पर उपस्थित साध्वी प्रेमा बाई ने भजन - तूने हीरा सा जनम गंवाया भजन बिना बांवरें...की मधुर प्रस्तुति देते हुए आत्म कल्याणकारी सत्संग विचार रखें।

## अग्रवाल वैश्य महासम्मेलन देवास युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त

**देवास।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश में युवा इकाई देवास जिले में नवीन नियुक्ति हुई। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की अनुमति तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी की सहमती एवं युवा प्रदेश महामंत्री गौरव गुप्ता एवं देवास जिला अध्यक्ष गौरव खंडेलवाल की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी ने युवा इकाई में देवास जिला युवा अध्यक्ष के पद पर कर्मठ युवा साथी आलोक अग्रवाल की नियुक्ति की ।

इससे सभी वैश्य बंधुओं में इस नियुक्ति पर अपार हर्ष है। महापौर एवं विधायक प्रतिनिधि




दुर्गेश अग्रवाल, वैश्य महासम्मेलन देवास नगर अध्यक्ष रजनीश पोरवाल, सचिव पवन गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल, सचिव विजय गोयल और सदस्यों ने बधाई दी। उक्त जानकारी देवास युवा नगर अध्यक्ष आयुष भूतड़ा ने दी।

## ब्राह्मण महाकुंभ की सफलता पर तिवारी परिवार का सम्मान

**कन्नौद।** विगत दिनों हुए परिचय सम्मेलन की सफलता पर समाज के पदाधिकारियों ने पालीवाल नगर पहुंचकर श्री तिवारी परिवार का किया आत्मीय अभिनंदन किया।

इंदौर, खातेगांव, कन्नौद और सतवास तहसील के प्रवासी ब्राह्मण समाज द्वारा इंदौर में आयोजित ऐतिहासिक परिचय सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता के बाद समाज के शीर्ष पदाधिकारियों ने पालीवाल नगर स्थित लखन तिवारी के निज निवास पहुंचकर श्री तिवारी परिवार का भव्य आत्मीय सम्मान किया। इस गरिमामय समारोह में आयोजन की सफलता का मुख्य स्तंभ रहे श्री तिवारी परिवार की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की



सराहना की गई । समारोह के दौरान पंडित प्रद्युम्न दीक्षित द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लखन तिवारी, मनोज तिवारी, राजेश तिवारी, नमन तिवारी, डॉ. नम्रता तिवारी और माहिमन तिवारी का पुष्पमालाओ एवं दुपट्टों से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष राजेश हरदेनिया, सह-संयोजक प्रद्युम्न दीक्षित, संजय परसाई, दिनेश तिवारी, कृष्ण गोपाल चौबे, संतोष तिवारी, संतोष पाठक, हरिओम दुबे और सह-संयोजक राकेश दुबे सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने तिवारी परिवार के निवास पहुंचकर आत्मतीयता के साथ उनके द्वारा समाज हित में किए जा रहे सेवा कार्यों का वंदन किया। गौरतलब है कि श्री तिवारी परिवार अपने पूज्यनीय पितृ पुरुष वैकुंठवासी बाबूलाल तिवारी, ममतामयी माताजी केसरबाई तिवारी एवं ज्येष्ठ भ्राता रामचंद्र तिवारी ( रामू दादा ) की स्मृति में निरंतर सेवा के प्रकल्प संचालित करता आ रहा है। परिवार द्वारा पूर्वजों की जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि के अवसरों पर सांस्कृतिक, धार्मिक, चिकित्सा, शिक्षा और खेल महोत्सव जैसे अनेक आयोजनों में तन-मन-धन से सक्रिय और सकारात्मक सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। हाल ही में संपन्न हुए परिचय सम्मेलन में भी भोजन व्यवस्था और स्मृति चिन्हों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने में श्री तिवारी परिवार की अहम भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही है। पदाधिकारियों ने इस भेंट के दौरान समाज की एकजुटता और निरंतर सेवा संकल्प को दोहराया।

## कन्याएं परमात्मा शिव की उत्पन्न की गई शक्तियां : प्रेमलता दीदी

**देवास।** चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कालोनी बाग सेंटर पर रविवार को कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया।

ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी के सानिध्य में संस्था से जुड़े भाई बहनों ने मां की चुनरी ओढ़ाकर कन्याओं की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने इस दौरान अपनी अमृतवाणी में कहा कि हम मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की पूजा करते हैं। कन्या पूजन



इसलिए करते हैं,क्योंकि वह परमात्मा शिव की उत्पन्न की गई शक्तियां हैं। मां दुर्गा से शक्ति, मां लक्ष्मी से धन का और मां सरस्वती से हम ज्ञान और बुद्धि का वरदान मांगते हैं। मां दुर्गा को महिषासुर मर्दिनी भी कहा जाता है. मां दुर्गा की उपासना करने से हम अपने नकारात्मक दृष्टिकोण को, बुरे विचारों को त्यागने की शक्ति चाहते हैं। जब दुरविचार का नाश होता है तो आत्मा का शुद्धिकरण हो जाता है। फिर व्यक्ति वास्तविक धन को अर्जित करने की पात्रता हासिल कर लेता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी अपूलश्री दीदी, ज्योति दीदी, इंदिरा दीदी हेमा वर्मा बहन सपना बहन रन प्रभाव बहन विवेक भाई सुनील भाई बंशीलाल राठौर भाई सहित संस्था से जुड़े भाई-बहन उपस्थित थे।

## धर्म-सत्य के मार्ग पर चलकर निभाएं अपने कर्तव्य

**देवास।** गंगानगर परशुराम वाटिका गार्डन, में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ की रविवार को पूर्णाहुति श्री राम राज्याभिषेक व रामराज्य की स्थापना के प्रसंग के साथ हुई।

आयोजक सुरेश चंद्र व्यास सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पूर्णाहुति के दिन कथा प्रात-11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई। कथावाचक पं. ओमप्रकाश चतुर्वेदी ने व्यासपीठ से कहा कि जब श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद माता सीता के साथ अयोध्या लौटने के लिए मार्ग प्रशस्त किया। अयोध्या में श्रीराम की विजय का स्वागत और उनकी घर वापसी एक ऐतिहासिक और धार्मिक घटना मानी जाती है। रामायण के इस हिस्से को राम की अयोध्या वापसी के रूप में जाना जाता है। श्रीराम की अयोध्या वापसी के समय सम्पूर्ण अयोध्या नगरी दीपों से सजाई गई थी, जिसे हम दीपावली के रूप में मनाते हैं। अयोध्या लौटने के बाद श्रीराम ने 14 वर्षों का वनवास समाप्त किया और अपनी राज्याभिषेक की तैयारी की। राज्याभिषेक के समय, विश्वामित्र, वशिष्ठ, और अन्य महान ऋषियों द्वारा श्रीराम को शास्त्रों और धार्मिक नियमों के अनुसार राज्य करने की विधि बताई गई।

## नरवाई में आग न लगाए

**देवास।** जिले में रबी फसलों विशेषकर गेहूं की कटाई का सीजन शुरू होते ही नरवाई जलाने की घटनाओं के नियंत्रण के लिए प्रशासन ने रणनीति तैयार की है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए सभी हार्वेस्टर संचालक एवं एजेण्टों को कम्बाइन हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, स्ट्रा रीपर के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। जिससे फसल कटाई के पश्चात अवशेष के स्थान पर ही भूसा बना दिया जाए। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने अपील की है कि नरवाई में आग न लगाएं।

### एक नजर में

**भक्तों के लिए फरियाली छाछ के साथ ठंडे पानी की भी मां चामुंडा सेवा समिति ने की व्यवस्था**

## संत-महात्माओं के सानिध्य में भोपाल चौराहा पर श्रीराम प्याऊ का उद्घाटन

**देवास।** भोपाल चौराहा पर मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा स्वामी रामनारायण जी महाराज, पूर्णानंद जी महाराज, स्वामी सुरेशानंदजी तीर्थ, गोपाल दास जी महाराज, ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, पंडित देवीशंकर तिवारी के सानिध्य में 12 माह चलने वाली प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

मां चामुंडा की पहाड़ी पर मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा के दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं, समस्त भक्तों, आम नागरिकों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई है। प्याऊ का



शुभारंभ करते हुए स्वामी रामनारायण जी महाराज ने कहा, कि भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पुण्यमय कार्य है। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ठंडी छाछ के साथ-साथ भोपाल चौराहा पर ठंडे पेयजल की भी व्यवस्था की गई है, जो सराहनीय कार्य है। मैं सभी भक्तों व चामुंडा सेवा समिति पदाधिकारी को धन्यवाद देता हूं। संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया, कि चैत्र नवरात्र में मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा सीढ़ी मार्ग उदासीन मठ पर लगाए गए सेवा पंडाल में छाछ वितरण, कन्या भोज एवं यज्ञ-हवन के साथ ही भोपाल चौराहा पर संतों के हाथों समिति द्वारा भक्तों के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया है, जो 12 महीने चलेगी। इस अवसर पर बैंक नोट प्रेस के उप महाप्रबंधक अभिराज सिंह ठाकुर, समिति के अध्यक्ष प्रतापसिंह मेहता, उम्मेदसिंह राठौड़, नरेंद्र मिश्रा, नारायण व्यास, रामाश्रय मिश्रा, रामेश्वर जलोदिया, ओमप्रकाश पटेल, दिनेश सांवलिया आदि उपस्थित थे।